दिन– सोमवार

दिनांक– 22 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत राज्य के लगभग चार लाख किसानों के खाते में फसल क्षति अनुदान की राशि अंतरित की।

02 राजस्व एवं भूमि सूधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा–राज्य में सरकारी भूमि अभिलेखों से मिलान के बाद ही होगा दाखिल–खारिज।

03. बिहार पुलिस ने माना भोजपुर मुठभेड़ मामले में हुई लापरवाही। शाहपुर थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित।

04. और, राज्य के विभिन्न भागों में दक्षिण–पश्चिम मानसून की सक्रियता बढ़ी। राजधानी पटना समेत प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम भागों में भी बारिश की संभावना।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज तीन लाख छियानवे हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान राशि अंतरित की। यह राशि कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत इस वर्ष रबी मौसम के दौरान मार्च महीने में आए आंधी–तूफान, आसामयिक बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को फसल क्षति अनुदान के रूप में दी गयी है। मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने बताया कि आगे और भी किसानों को अनुदान राशि दी जाएगी।

–––बाइट–––

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने किसानों से इन योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया।

–––बाइट–––

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि चंपारण क्षेत्र को देश के प्रमुख गन्ना उत्पादन क्षेत्र के तौर पर विकसित करने के लिए विशेष कार्य योजना के तहत तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आज पटना में गन्ना उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को राज्य की नौ बंद चीनी मिलों के पुनर्जीवन और पच्चीस नई चीनी मिलों की स्थापना की योजना को गति देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में गन्ना आधारित उद्योगों के विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने गन्ना उत्पादन बढ़ाने, किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने तथा बिहार गन्ना उद्योग प्रोत्साहन नीति–दो हजार छब्बीस के तहत अधिक निवेश आकर्षित करने पर जोर दिया।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि एनडीए सरकार अति पिछड़ा समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के बारह वर्ष पूरे होने के अवसर पर पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित अति पिछड़ा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर के विचार उनके आदर्श है। श्री चौधरी ने स्वयं को छत्तीस प्रतिशत अति पिछड़ों का रक्षक बताते हुए भरोसा दिया कि राज्य में अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी।

---

राजस्व एवं भूमि सूधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि दाखिल–खारिज के प्रत्येक मामलो के निष्पादन से पहले उसका मिलान सरकारी भूमि अभिलेखों से अनिवार्य रूप से किया जायेगा। श्री जायसवाल ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विभाग ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सरकारी भूमि पर गलत तरीके से जमाबंदी कायम होने की संभावना को समाप्त करना और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

---

बिहार पुलिस ने भोजपुर मुठभेड़ मामले में लापरवाही की बात को स्वीकार किया है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था सुधांशु कुमार ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस मामले की निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से जांच के लिए शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में लापरवाही बरतने वाले थाना अध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

———बाइट———

---

सर्वोच्च न्यायालय ने भोजपुर जिले के शाहपुर में पुलिस मुठभेड़ में भरत भूषण तिवारी की मौत मामले में तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया है। अदालत ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया है कि वे रजिस्ट्रार के समक्ष मामले का उल्लेख करें। जिसके बाद आगे की प्रक्रिया तय की जायेगी। याचिका में मुठभेड़ की घटना की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई है।

---

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने भोजपुर के शाहपुर में पुलिस मुठभेड़ में युवक की मौत की घटना को दुःखद बताया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मामले की न्यायिक जांच के बाद सच्चाई सामने आएगी। पुलिस दोषी पाई गई तो कार्रवाई होगी।

———बाइट———

---

सुपौल जिला प्रशासन ने जदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मानगंज पश्चिम पंचायत के दतुआ वार्ड संख्या—दस में कल रात एक श्राद्ध कार्यक्रम में भोजन खाने के बाद सौ से अधिक लोगों की तबीयत खराब होने की खबर को भ्रामक बताया है। जिला जन संपर्क अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में मामूली रूप से बीमार दो—तीन लोगों को ही लाया गया। चिकित्सकों ने उनकी जांच की। जांच में विषाक्त भोजन खाने या किसी अन्य असामान्य लक्षण की पुष्टि नहीं हुई

है। जिला प्रशासन ने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों से सतर्क रहने की अपील की है।

---

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आज वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम–टू के तहत राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण विकास योजनाओं को तत्परता से पूरा कराने के निर्देश दिये गए है। विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी और अन्य वरीय पदाधिकारी भी वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए।

---

इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष जनवरी में आधार ऐप शुरू होने के बाद तीन करोड दस लाख से अधिक लोगों ने इसे डाउनलोड किया है। मंत्रालय ने बताया कि विभिन्न सेवाओं का शीघ्र लाभ उठाने में यह ऐप अत्यंत सहायक है। जिससे लोगों का भरोसा बढा है। इस ऐप उपयोग करके करीब चालीस लाख लोगों ने अपने मोबाइल नम्बर अपडेट किये हैं और करीब साढे आठ लाख लोगों ने अपने पते अपडेट करने के लिए इसका इस्तेमाल किया है।

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने आज विधानसभा विशेष अधिकार न्यायालय कक्ष का उद्‌घाटन किया। बिहार विधानसभा में जनप्रतिनिधियों तथा सदन की गरिमा और विशेषाधिकारों की रक्षा के लिए यह नई व्यवस्था शुरु की गई है। यह न्यायालय सदन के सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों के विशेषाधिकार हनन से जुड़े मामलों की सुनवाई करेगा। विधानसभा अध्यक्ष इस न्यायालय के न्यायाधीश होंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह व्यवस्था लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करेगी।

–––बाइट–––

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के सक्रिय होने के संकेत मिले है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्व भाग के जिलों में कई स्थानों पर मध्यम स्तर की वर्षा हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल से पटना, गया और सारण समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में भी मानसून के सक्रिय होने से बारिश के आसार है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, बांका, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज, मधुबनी, पूर्णियां, और सुपौल जिलें में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ भारी बारिश की आशंका जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात हो सकता है।

–––बाइट–––

---

मौसम विभाग ने अगले एक से दो घंटे के दौरान भागलपुर, मुंगेर और बक्सर जिले में अनेक स्थान पर तेज आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

---

नेपाल में बारिश के कारण कोसी नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया कि इस वर्ष पहली बार नदी का जलस्तर एक लाख क्यूसेक के आंकड़े को पार कर गया है। कोसी बराज पर बढ़ते दबाव को देखते हुए देर रात बराज से एक लाख नौ सौ पचपन क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इधर, जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। जिलाधिकारी सावन कुमार ने आज कोशी बराज का निरीक्षण किया। उन्होंने बराज और तटबंधों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने हालात पर नजर रखने और सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

---

प्रदेश में मुहर्रम पर्व को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने सभी जिला प्रशासन को मुहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के सख्त निर्देश दिये है। निर्देश में कहा गया है कि बिना लाइसेंस जुलूस निकालने, डीजे और भड़काउ गाना बजाने पर पूर्ण पावंदी रहेगी। साथ ही सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं। इधर, विभिन्न जिलो में आदेश के अनुपालन के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। मुंगेर के पुलिस अधिक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि छब्बीस और सत्ताईस जून को निकलने वाले मुहर्रम जुलूस के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतेजाम किये जायेंगे। इधर, रोहतास के नवनियुक्त जिला पदाधिकारी दीपक कुमार ने आज पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शांतिपूर्ण मोहर्रम पहली प्राथमिकता है।

---

किशनगंज के नये जिलाधिकारी नवीन कुमार ने आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिले में सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रिर्यान्वयन उनकी प्राथमिकता है। वहीं, जहानाबाद की नवनियुक्त जिला पदाधिकारी क्षीरिंग वाई भूटिया ने भी अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

---

पटना स्थित राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय में आज से चार दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्याक्रम के दौरान कर्मियों को कृषि संबंधी सर्वेक्षण की कार्य प्रणाली, आंकड़ों के संग्रहण, गुणवत्ता नियंत्रण और अन्य विषयों की जानकारी दी जा रही है।

---

अरवल जिले में अट्ठाईस जून से दो जुलाई तक पल्स पोलियों अभियान चलाया जायेगा। जिलाधिकारी ने बैठक कर इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिये हैं।

---

सुपौल जिले के संयुक्त श्रम भवन में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्यूदय –पीएम अजय योजना के तहत कौशल एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। विभिन्न कंपनियों ने तीन सौ पचास अभ्यर्थियों में से कई को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

---

सीतामढ़ी प्रेस क्लब में वरिष्ठ पत्रकार और सहित्यकार योगेन्द्र रीगावाल की बत्तीसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्वर्गीय रीगावाल ने लंबे समय तक आकाशवाणी के जिला संवाददाता के तौर पर भी कार्य किया था।

---

लखीसराय के जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय बैंकर समिति की त्रिमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई।

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत राज्य के लगभग चार लाख किसानों के खाते में फसल क्षति अनुदान की राशि अंतरित की।

02 राजस्व एवं भूमि सूधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा–राज्य में सरकारी भूमि अभिलेखों से मिलान के बाद ही होगा दाखिल–खारिज।

03. बिहार पुलिस ने माना भोजपुर मुठभेड़ मामले में हुई लापरवाही। शाहपुर थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित।

04. और, राज्य के विभिन्न भागों में दक्षिण–पश्चिम मानसून की सक्रियता बढ़ी। राजधानी पटना समेत प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम भागों में भी बारिश की संभावना।

---

समाप्त